ऐतिहासिक स्थानों की सुरक्षा

2471. **श्री सुरेन्द्र सिंह : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में भूतपूर्व विन्ध्य प्रदेश के खजुराहो और भरहुत जैसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्थानों से मूर्तियों की चोरी की घटनाएं प्राय: घटती रहती है ;

(ख) क्या सरकार का विचार इन सभी स्थानों की सुरक्षा के लिये प्रबन्ध करने का है ताकि इन स्थानों से मूर्तियों की चोरी को रोका जा सके ; और

(ग) क्या पुरातत्व विभाग ने इन क्षत्रों का, जोकि मूर्तियों के भंडार हैं और जहां मूर्तियों की चोरी का सदा खतरा बना रहता है, सर्वेक्षण कराया है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्दर) :

(क) यद्यपि खजुराहो जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर मूर्ति-चोरियों की घटनाएं घटती रहीं हैं परन्तु ऐसी अधिकांश चोरियां भारत के विभिन्न भागों में स्थित असुरक्षित अथवा अपर्याप्तरूप से रक्षित मंदिरों से हुई हैं।

(ख) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने साची खजुराहो, सारनाथ आदि जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर सशस्त्र पुलिस का पहरा तैनात करके तथा पहरेदार कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर, उनकी देख-रेख में स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठा लिये हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्थलों मे बिखरी पड़ी मूर्तियों को एकत्र किया जा रहा है और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखा जा रहा है।

(ग) विश्वविद्यालयों और राज्य के पुरातत्व विभागों के सहयोग से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संभावित क्षेत्रों का अन्वेषण कराने के लिए एक कार्यक्रम बना रहा है।

दिल्ली/नई दिल्ली मे विभिन्न श्रेणियों के सरकारी क्वाटरों की संख्या

2472. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय दिल्ली/नई दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों के लिए विभिन्न श्रेणियों के क्वार्टरों की संख्या कितनी है,

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष वार विभिन्न टाइपों के कितने क्वार्टर बनाये गये, और

(ग) चालू वर्ष में कितने नये सरकारी क्वार्टर बनकर आवंटन के लिये तैयार हो जायगे

इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक) : (क) से (ग). निर्माण और आवास मंत्रालय के अनुरक्षण में तथा उसके द्वारा बनाये गये रिहायशी वास को "सामान्य पूल वास" कहते है। दिल्ली में सामान्य पूल में फिलहाल उपलब्ध मकानों की संख्या पिछले तीन वर्षो में निर्मित क्वार्टरों की संख्या तथा जो क्वार्टर बनकर तयार हो जायेगे और वर्ष 1977-78 के दौरान आवास के लिए उपलब्ध हो जायेंगे, उनका विवरण संलग्न हैं।